संख्या- 07 /2017 /34 / चार-2017 -28 (बजट)/15

प्रेषक,

डा0 हरिओम

सचिव

उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,

उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,

लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 06 जनवरी , 2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य संग्रहालय , लखनऊ के सुदृढीकरण एवं मरम्मत आदि कार्यो की अवशेष धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषय अपने पत्र संख्या- 759 /उ0प्र0सं0नि0-1(56)/2016-17 दिनांक 09 दिसम्बर, 2016 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य संग्रहालय , लखनऊ के सुदृढीकरण एवं मरम्मत आदि कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विधायन एवं सहकारी संघ लि0, निर्माण प्रखण्ड-3 द्वारा धनराशि रू0 56.84 लाख का आगणन उपलब्ध कराया गया। विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आगणन का परीक्षण करते हुए कार्य की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 56.50 लाख हेतु मूल्यांकित की गयी । मूल्यांकित लागत के सापेक्ष शासनादेश संख्या-11/2016/4094/चार-2015-28(बजट)/15 दिनांक 27 जनवरी,2016 तथा संशोधित आदेश संख्या- 14/2016/117/चार-2016-28(बजट)/15 दिनांक 28 जनवरी,2016 द्वारा रू0 28.25 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी। , तद्नुक्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 28.25 लाख (रूपया अटठाइस लाख पच्चीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

3- उक्त शासनादेश संख्या-11/2016/4094/चार-2015-28(बजट)/15 दिनांक 27 जनवरी,2016 तथा संशोधित आदेश संख्या- 14/2016/117/चार-2016-28(बजट)/15 दिनांक 28 जनवरी,2016 में उल्लिखित अन्य प्रतिबन्ध /शर्ते आदि यथावत रहेगी।

4 - उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92- आयोजनागत पक्ष के 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय -106-संग्रहालय-05-संग्रहालय की स्थापना-24-वृहद निर्माण मद के नामे डाला जायेगा।

5 - वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 हरिओम)

सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 07 /2017 / 34 (1)/चार-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ ।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- महाप्रबन्धक जोन -7 , उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0, गोमतीनगर, लखनऊ ।
7- परियोजना प्रबन्धक, प्रखण्ड-3 , उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ ।
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,
(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।